# GRADE 6

# हिंदी

## School Level Examination (SLE) 2025

**SUBJECT CODE** | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 40 **Total Marks:** 40 **Time:** 1 Hour

## जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- **O.M.R. उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम, कक्षा, रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल HB पेंसिल** का उपयोग करके **O.M.R.** उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- केवल **O.M.R. उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, **O.M.R. उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक को जमा करें।



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-6_Set-1 new.indd 1 7/8/2025 12:10:20 PM

**निर्देश :** इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों (क) तथा (ख) में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

### I. एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश :** इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।

**1. इनमें से भाषा के मौखिक रूप की कमी क्या है?**

(A) भाषा का यह रूप प्रमुख व पुराना है।
(B) यह भाषा के बोलचाल का रूप है।
(C) यह उच्चरित होते ही समाप्त हो जाता है।
(D) इनमें सभी

**2. भाषा के क्षेत्रीय रूप को क्या कहते हैं?**

(A) लिखित भाषा
(B) मौखिक भाषा
(C) बोली
(D) लिपि

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन नासिक्य व्यंजन है?**

(A) श
(B) म
(C) फ
(D) त

**4. 'भौ + उक = भावुक' किस संधि का उदाहरण है?**

(A) गुण संधि
(B) वृद्धि संधि
(C) अयादि संधि
(D) यण संधि

**5. 'ईश्वर' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(A) ई + श् + अ + व् + अ + र् + अ
(B) ई + श् + व् + अ + र् + अ
(C) इ + श् + अ + व् + र् + अ
(D) ई + श् + अ् + व् + अ् + र् + अ्

**6. 'जलौषधि' शब्द का उपयुक्त संधि-विच्छेद चुनिए।**

(A) ज + लौषधि
(B) जलौ + षधि
(C) जलौष + धि
(D) जल + औषधि

**7. 'कृत्रिम' शब्द का उपयुक्त विलोम है–**

(A) प्रकृति
(B) अप्राकृतिक
(C) प्राकृतिक
(D) प्राकृत

8. **'जिसके आने की तिथि निश्चित न हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द होगा–**

(A) तिथिहीन (B) तिथिवान

(C) तिथिविहीन (D) अतिथि

9. **'वारिद' शब्द का उचित पर्याय है–**

(A) आकाश (B) बादल

(C) आसमान (D) नभ

10. **उत्पत्ति के आधार पर 'डिबिया' शब्द किस प्रकार का शब्द है?**

(A) तत्सम शब्द (B) तद्भव शब्द

(C) विदेशी शब्द (D) देशज शब्द

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 11 तथा 12 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कारों में सबसे अधिक आकर्षक यंत्र है– टेलीविज़न। इसके माध्यम से दूर के स्थानों से प्रसारित चित्र ध्वनि सहित दर्शकों के पास पहुँच जाते हैं। हमारे देश में इसका प्रचलन लगभग पाँच दशक से हो रहा है। भारत जैसे देश में टेलीविज़न का बहुत महत्व है। इसके द्वारा ज्ञान-विज्ञान, मनोरंजन, समाचार, खेल, कृषि आदि से संबंधित कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। टेलीविज़न में जितनी सकारात्मक बातें हैं, उतनी ही नकारात्मक भी हैं। दिनोदिन बढ़ते चैनल पश्चिमी संस्कृति को दर्शाते हुए युवा पीढ़ी के दिलो-दिमाग पर बुरी छाप छोड़ रहे हैं। चैनलों पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रमों व फ़िल्मों में देखे गए दृश्यों व फ़ैशन का अनुकरण करना आज आम बात बन गई है। टेलीविज़न का सदुपयोग होना चाहिए, ताकि सांस्कृतिक, सामाजिक व नैतिक परंपराओं का सभी पालन कर सकें।

11. **देश में टेलीविज़न का प्रचलन कब से है?**

(A) लगभग पाँच दशक से (B) लगभग चार दशक से

(C) लगभग छह दशक से (D) लगभग दस दशक से

12. **'टेलीविज़न' से होने वाले लाभ हैं–**

(A) ज्ञान-विज्ञान की जानकारी होती है। (B) मनोरंजन होता है।

(C) सारे संसार की खबरें मिलती हैं। (D) इनमें सभी

13. **इनमें से समास का भेद नहीं है–**

(A) कर्मधारय (B) समस्तपद

(C) तत्पुरुष (D) द्विगु

14. **'नमकीन' शब्द में आया प्रत्यय चुनिए।**

(A) ईन (B) कीन

(C) इन (D) न

15. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'भ्रमर' शब्द का अनेकार्थी नहीं है?**

(A) मधुप (B) भृंग
(C) मर्कट (D) मधुकर

16. **'इच्छा' शब्द का बहुवचन रूप है–**

(A) इच्छाऐं (B) इच्छाएँ
(C) इच्छित (D) इच्छुक

17. **किस वाक्य में संबंध कारक का प्रयोग किया गया है?**

(A) यह मेहमानों का कमरा है। (B) माँ ने प्रभा को पढ़ाया।
(C) अरे! तुम इतनी जल्दी क्यों आ गए? (D) रसोई में फल रखे हैं।

18. **किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?**

(A) वह मकान ढह गया, जिसकी नींव कमज़ोर थी। (B) किसानों ने फ़सल काटी और उसे बेच दिया।
(C) वह खाना खा रहा है। (D) रोहित! यह क्या अजूबा दिखा रहे हो?

19. **किस वाक्य का रेखांकित पद विशेषण है?**

(A) <u>उसकी</u> बेटी डॉक्टर बन गई। (B) आज मेरे पास <u>बिलकुल</u> समय नहीं है।
(C) <u>तुम्हें</u> तो हर समय खेलने की पड़ी रहती है। (D) मीशू ने <u>मेले</u> से गुड़िया खरीदी।

20. **'<u>आतंकी</u> हमले में कई लोग मारे गए।' वाक्य का रेखांकित पद है–**

(A) गुणवाचक विशेषण (B) संख्यावाचक विशेषण
(C) परिमाणवाचक विशेषण (D) सार्वनामिक विशेषण

21. **'सेठ जी बहुत दयालु हैं। लोग अकसर .................. उधार लेते रहते हैं।' वाक्य के रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त सर्वनाम होगा–**

(A) मैं (B) वे
(C) उनसे (D) हम

22. **निम्नलिखित वाक्यों में से द्विकर्मक क्रिया वाले वाक्य का चयन कीजिए।**

(A) मैंने अपने दोस्त से किताबें लीं। (B) श्रेया सुबह उठकर पढ़ रही थी।
(C) आरवी गाना सुनाएगी। (D) गाड़ी चली गई।

23. **'भारत द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' सफल रहा।' वाक्य में प्रयुक्त काल है–**

(A) वर्तमान काल (B) भूत काल
(C) भविष्यत काल (D) तीनों विकल्प गलत



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-6_Set-1 new.indd 4 7/8/2025 12:10:20 PM

24. **निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द समुच्चयबोधक अव्यय है?**

(A) के सिवाय
(B) अपितु
(C) भीतर
(D) उफ़!

25. **'कृतिका ने घर में एकाएक प्रवेश किया।' वाक्य का रेखांकित पद क्या है?**

(A) समुच्चयबोधक अव्यय
(B) संबंधबोधक अव्यय
(C) विस्मयादिबोधक अव्यय
(D) क्रियाविशेषण अव्यय

26. **'कोरोना के बहुत लोग मर गए।' वाक्य का शुद्ध रूप है–**

(A) कोरोना में बहुत लोग मर रहे हैं।
(B) कोरोना बहुत से लोगों को मारेगा।
(C) कोरोना से बहुत लोग मर गए।
(D) इनमें से कोई नहीं

27. **'मार के डर से भूत भागते हैं' लोकोक्ति का सही अर्थ है–**

(A) भूत को मारने से वह कोसों दूर भाग जाता है।
(B) सबको लाठी से मारना ज़रूरी होता है।
(C) भूतों को मार खाना पसंद नहीं।
(D) मार से सब डरते हैं।


28. **'लोकोक्ति' के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?**

(A) ये ऐसे कथन हैं, जिनमें सदैव परिवर्तन होता है।
(B) लोकोक्ति में से कोई भी शब्द हटाया नहीं जा सकता।
(C) लोकोक्ति अपने में अधूरी होती है।
(D) इनमें सभी

29. **'अविनाश जी प्रोफ़ेसर बन गए।' 'प्रोफ़ेसर' शब्द का संक्षिप्त रूप देने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाना चाहिए?**

(A) निर्देशक चिह्न
(B) एकल उद्धरण चिह्न
(C) लाघव चिह्न
(D) हंसपद चिह्न

30. **इनमें से किस स्थान पर 2025 का महाकुंभ आयोजित किया गया?**

(A) 
हरिद्वार

(B) 
नासिक

(C) 
प्रयागराज

(D) 
उज्जैन

**II. बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न**

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द तत्सम हैं?**

(A) अक्षि (B) आँख

(C) स्रोत (D) स्रोत

**32. कौन-से दो शब्द देशज नहीं हैं?**

(A) संदूक (B) कटोरा

(C) अटकल (D) सरकार

**33. निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन वाले शब्दों को चुनिए।**

(A) विपक्ष (B) विश्रांति

(C) आकार (D) बराबर

**34. निम्नलिखित में कौन-से दो शब्द जातिवाचक संज्ञा हैं?**

(A) परिवार (B) गाँव

(C) कल्पवृक्ष (D) साहस

**35. इनमें से कौन-से दो वाक्य डी० गुकेश के बारे में सही हैं?**

(A) वे सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन हैं। (B) उनकी माता गृहिणी हैं।

(C) वे चेन्नई के रहने वाले हैं। (D) उनके पिता इंजीनियर हैं।

## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**36. असंगत विशेषण शब्द-समूह कौन-सा है?**

(A) नया, मीठा, ताज़ा, सुंदर (B) सारे, अनेक, पाँच, पचास

(C) दस किलो, दो सेर, तीन लीटर (D) भला, दो लीटर, थोड़ा, कुछ

**37. श्रृंखला को पूरा करने के लिए सोच-समझकर विकल्प चुनिए–**

**क्रियाविशेषण–प्रतिदिन; संबंधबोधक–की तरफ़; समुच्चयबोधक–परंतु; विस्मयादिबोधक–**

(A) तुम!
(B) होशियार!
(C) काम!
(D) भाव!

**38. इनमें से कौन-सा सर्वनाम शब्द अलग वर्ग का है?**

(A) वह
(B) उन्हें
(C) अपने आप
(D) तुम

**39. असंगत समस्तद कौन-सा है?**

(A) रेखांकित, ऋणमुक्त, लोकप्रिय
(B) गंगा-यमुना, नीलकमल, यथासंभव
(C) चौमासा, नवग्रह, पंचरत्न
(D) श्वेतांबर, नीलकंठ, लंबोदर

**40. श्रृंखला को पूरा करने के लिए सोच-समझकर विकल्प चुनिए–**
**पशु–पशुता; युवक–यौवन; हँसना–हँसी; मधुर–**..............................

(A) माधुर्य
(B) मधु
(C) माधुरी
(D) मधुकर

## SPACE FOR ROUGH WORK